हिंदी दैनिक

**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 26 फरवरी 2025

## कन्हान नदी में मिला अज्ञात युवक का शव

**नागपुर.** नविन कामठी पुलिस थाने की सीमा में कन्हान नदी के पुराने पुल के नीचे, एक अज्ञात युवक का शव पानी में तैरते हुए मिला। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए उपजिल्हा अस्पताल, कामठी भेजा गया है। यह घटना 24 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे के आसपास की है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। मृतक के शरीर पर काले रंग की फुल टी-शर्ट, नीले रंग की फुल पैंट, माचो कंपनी की अंडरवियर और काले रंग की सैंडल पहनी हुई थी। मृतक युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इस मामले में नविन कामठी पुलिस स्टेशन में पुलिस उप निरीक्षक तिवारी ने अकस्मात मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है और आसपास के क्षेत्र में पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है।

# मिहान में पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क से विदर्भ के किसान समृद्ध होंगे

### > बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा: देशमुख





**नागपुर.** मिहान में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का उद्घाटन विदर्भ के किसानों के लिए एक सुनहरा क्षण है। इस परियोजना से विदर्भ के किसानों के संतरे, नींबू और कृषि आधारित उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। यह कृषि-उद्योग परियोजना किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी, क्योंकि इस परियोजना के लिए विदर्भ के किसानों का माल खरीदा जाएगा। पतंजलि यहां के किसानों से एलोवेरा, नीम, नींबू, आंवला और अन्य औषधीय पौधों के साथ-साथ अन्य कच्चा माल भी खरीदेगी। यह पहल विदर्भ में, खासकर किसानों के घरों में खुशहाली और समृद्धि लाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे किसान आत्महत्याओं पर अंकुश लगेगा। इस परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विदर्भ के 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। कच्चे और तैयार माल की परिवहन और पैकेजिंग प्रक्रिया से काफी रोजगार पैदा होगा, जो खुशी की बात है," सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने कहा।

मिहान में पतंजलि की एशिया की सबसे बड़ी खाद्य एवं हर्बल पार्क परियोजना का उद्घाटन 9 मार्च को किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे। इस अवसर पर पतंजलि समूह के प्रमुख बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्णन भी उपस्थित रहेंगे। इस परियोजना की आधारशिला जनवरी 2016 में रखी गई थी। दिलचस्प बात यह है कि काटोल के तत्कालीन विधायक डॉ. आशीषराव देशमुख ने पतंजलि की फल प्रसंस्करण परियोजना को विदर्भ में लाने के प्रयास शुरू किए थे। उनका मानना है कि इस परियोजना की एमआईडीसी, मिहान या काटोल में काफी संभावना है और इससे क्षेत्र के संतरा और नींबू वर्गीय किसानों को वित्तीय लाभ मिलेगा तथा किसानों की आत्महत्या पर अंकुश लगेगा। उन्होंने समय-समय पर पतंजलि के प्रमुख रामदेव बाबा से मुलाकात की और मिहान आने की परियोजना को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। इसके बाद आचार्य बालकृष्णन ने परिसर एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा संतोष व्यक्त किया। 16 जनवरी 2016 को विधायक डॉ. आशीषराव देशमुख ने भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पतंजलि के खाद्य प्रसंस्करण परियोजना के शुभारंभ के संबंध में एक पत्र दिया था। पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क परियोजना की आधारशिला 10 सितंबर, 2016 को मिहान में रखी गई थी। समूह के पास मिहान में 265 एकड़ जमीन है। कंपनी इस परियोजना पर लगभग 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस परियोजना से प्रतिदिन 800 से 900 टन संतरे प्राप्त होंगे।



## चार गोवंश को पुलिस ने दिया जीवनदान

**नागपुर.** पाचपावली पुलिस ने गुप्त जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गोवंश जानवरों को निर्दयता से कत्तल के लिए बांधकर रखने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फारूख नगर, टेका नई बस्ती, गली नंबर 5, बाबू किराना के पास कुछ गोवंश को अवैध रूप से कत्तल के लिए रखा गया है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात करीब 1:55 बजे से 3:45 बजे तक छापा मारा। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि 4 गोवंश को निर्दयता से बांधकर रखा गया था। पूछताछ करने पर आरोपी शेख जाबीर (30) एकता नगर, माझरी, यशोधरानगर निवासी का इस मामले में हाथ होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मौके से 4 गोवंश को मुक्त कराया, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 1 लाख रुपये बताई जा रही है। इन गोवंश को गौशाला भेज दिया गया है। इस मामले में पाचपावली पुलिस थाने में पुलिस उपनिरीक्षक सोनवने की ओर से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अंतिम तिथि 31 मार्च

**नागपुर.** 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों में नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है. 31 मार्च तक नई नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर जुर्माना लगाया जाएगा, इसलिए अगले 3 महीने में शहर के लगभग 10 लाख वाहन मालिकों को नई नंबर प्लेट लेनी होगी. नई नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया शुरू है. जिले में लगभग 200 सेंटर बनाए गए हैं लेकिन सेंटरों को कोई प्रतिसाद नहीं मिल रहा है. ग्रामीण आरटीओ में 5.63 लाख वाहन हैं जिनमें से 990 लोगों ने ही नंबर प्लेट चेंज करवाई हैं. इसी प्रकार शहर और पूर्व आरटीओ में 17 लाख वाहन हैं जिनमें से केवल 4,000 के आसपास वाहनों के नंबर प्लेट बदले गए हैं. ग्रामीण आरटीओ में 3,000 लोग अभी वेटिंग लिस्ट में है, जबकि शहर और पूर्व आरटीओ में वेटिंग लिस्ट की संख्या 7,000 के आसपास बताई गई है. इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी दयनीय है. देश में वाहन धारकों के लिए 1 अप्रैल 2019 से वाहनों में 'हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट' उपलब्ध कराना अनिवार्य कर दिया गया है. इस संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 2018 में ही आदेश दिया था. राज्य सरकार को 2019 से पहले के वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य करने पर निर्णय लेने का अधिकार दिया गया. इसी अधिकार के तहत दिल्ली समेत कई राज्यों ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को अनिवार्य कर दिया है. राज्य परिवहन विभाग ने राज्य में 2019 से पहले के सभी वाहनों के लिए 31 मार्च तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य किया है.



### नंबर प्लेट के लिए शुल्क

>दो पहिया वाहन 450 रुपये
>तीन पहिया वाहन 500 रुपये
>चार पहिया वाहन 745 रुपये

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया शुरू हुए काफी समय हो गया है. विभाग और सरकार की ओर से जागरूकता की पहल भी की जा रही है लेकिन वाहन धारकों में अब तक रुचि दिखाई नहीं दे रही है. 22 लाख वाहनों में अगर 4-5 हजार लोग ही नई नंबर प्लेट अपना रहे है तो स्थिति को समझा जा सकता है. इसके बाद भी विभाग और तेजी से लोगों के बीच पहुंचने का प्रयास करेगा. 31 मार्च 2019 से पहले रजिस्टर्ड वाहन मालिकों को नई नंबर प्लेट लगवाना जरूरी है. अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा.

**नकली प्लेट का उपयोग, लगेगी पेनल्टी**

फर्जी नंबर प्लेट पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा, इसलिए जरूरी है कि निर्धारित एजेंसी से ही नंबर प्लेट बदलवाई जाए. तीन माह के अंदर शहर के लाखों वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगनी चाहिए. इसके लिए एजेंसी भी नियुक्त कर दी गई है लेकिन इसमें नागरिकों को धोखा होने की संभावना है. इससे नकली हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का भी खतरा रहता है, इसलिए पुलिस और ट्रैफिक अधिकारियों को इस पर नियंत्रण करने का अधिकार दिया गया है.

**तीन एजेंसियों को किया गया नियुक्त**

नागपुर क्षेत्रीय परिवहन विभाग (आरटीओ) ने 3 एजेंसियों को भी नियुक्त किया गया है. इन तीन कंपनियों के नाम हैं रोजमारटा, रियलमैज़ॉन और एफटीएचएसआरपी सेटलमेंट. शहर में करीब 22 लाख वाहन हैं. इनमें से 2019 से पहले के वाहन लगभग 10 लाख होने की संभावना है. इन सभी वाहन स्वामियों को अब नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवानी होगी. नागपुर ग्रामीण आरटीओ विजय चव्हाण ने बताया कि यह प्रक्रिया शुरू हो गई है, जागरूकता लाने के लिए कई कदम भी उठाये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों को 31 मार्च 2025 तक नई प्लेटें लगानी होगी या मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत जुर्माना भरना होगा. नंबर प्राप्त करने के लिए वाहन चालकों को http://transport.maharashtra.gov.in/1035/Home वेबसाइट से आवेदन करना होगा.

## लापता नाबालिग लड़की की गई बरामद

**नागपुर.**

एमआईडीसी थाना क्षेत्र से लापता हुई 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 40 वर्षीय शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी 6 अगस्त 2024 को अचानक घर से लापता हो गई थी। काफी छानबीन के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो शिकायत के आधार पर एमआईडीसी थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने समांतर जांच शुरू करते हुए तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर लड़की का पता लगाया। जांच में सामने आया कि वह एक संदिग्ध युवक के साथ गडचांदूर, तहसील कोरपना, जिला चंद्रपुर में रह रही है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए लड़की को वहां से सुरक्षित बरामद किया और आवश्यक काउंसलिंग के बाद उसे एमआईडीसी पुलिस के हवाले कर दिया। इस कार्रवाई को पुलिस उप आयुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर, और सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक ललिता तोडासे के पुलिस हवलदार श्याम अंगुलचेवार, राम निरगुडवार, सुनील वाकडे, दीपक बिंदाणे, पुलिस अंमलदार ऋषिकेश डुमरे, विलास चिंचुलकर, शरीफ शेख, महिला पुलिसकर्मी अश्विनी खोडपेवार और पल्लवी बंजारी ने मिलकर अंजाम दिया।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो की मौत

### >आरोपी चालक फरार

**नागपुर.**

वाडी पुलिस थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। हालांकि इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर वहां से भाग खड़ा हुआ। यह हादसा सोमवार शाम 5:30 बजे के आसपास वाडी क्षेत्र में हुआ। प्राप्त





जानकारी के अनुसार, फरियादी के मामा रमेश कारूलालजी कटरे (47), हैं जो एक निर्माण ठेकेदार हैं। वह अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से वडधामना स्थित एक कास्टिंग कंपनी में काम के सिलसिले में गए थे। शाम 5:30 बजे कंपनी से लौटते समय उनके साथ धनराज कालीचरण दरवरकर (30) सिवनी, मध्य प्रदेश निवासी भी थे। वे दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। नवनीत नगर टर्निंग के बीच ट्रक चालक सुनिल उदयसिंग कुंभरे (40) ने अपनी गाड़ी तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में ट्रक के पहिए के नीचे कुचलने से रमेश कटरे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धनराज दरवरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। फरियादी मनिष दिनेश शरणागत (22) गणेश नगर, दाभा निवासी की शिकायत पर वाडी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## एटीएम के माध्यम से ठगी करनेवाले दो गिरफ्तार

### > सीसीटीवी फुटेज से हुआ भंडाफोड़

**नागपुर.**

वाड़ी इलाके में एटीएम से ठगी करने वाले दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर ग्राहकों के पैसे फंसा देते थे और बाद में उसे निकाल लेते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम रोशन उर्फ मोन्टी सम्युअल वर्मा (23) और पलाश उर्फ गोच्या राजेंद्र मेश्राम (23) दोनों इमामवाड़ा निवासी बताए जा रहे हैं। 24 फरवरी 2025 को दोनों आरोपी खडगांव रोड स्थित एक्सिस बैंक एटीएम में पहुंचे और मशीन के कैश डिस्पेंसर में एल्युमिनियम की पट्टी लगाकर उसे जाम कर दिया। इससे जब ग्राहक पैसे निकालने आते, तो उनका पैसा मशीन में ही फंस जाता। बाद में आरोपी मौका देखकर एटीएम से वह पैसे निकाल लेते थे।

सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान



पुलिस ने जब एटीएम के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, तो दोनों आरोपियों की करतूत सामने आ गई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद तलाशी में पुलिस को 70,700 रुपये मूल्य का सामान बरामद हुआ, जिसमें लाल रंग की बजाज पल्सर आरएस 200 बाइक (कीमत ₹60,000), तीन एटीएम कार्ड (एक्सिस बैंक, यूनियन बैंक, फिनो पेमेंट बैंक), रेडमी A3 मोबाइल (कीमत ₹8,000), नकद ₹2,700

ठगी में इस्तेमाल की जाने वाली एल्युमिनियम पट्टी का समावेश है।

इस कार्रवाई को पुलिस उपायुक्त लोहीत मतानी और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में एपीआई कुणाल धुरट, हवलदार प्रमोद गिरी, सिपाही प्रविण फलके, हेमराज बेराळ, प्रमोद सोनोने, सतिश येसनकर की टीम ने अंजाम दिया। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और आगे की जांच जारी है।

पुलिस की नागरिकों से अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे एटीएम से पैसे निकालते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही, बैंकों को एटीएम में सुरक्षा गार्ड तैनात करने का निर्देश दिया गया है।

## गांजा तस्करी करते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने गोपनीय जानकारी के आधार पर कोतवाली परिसर में रामकुलर चौक से अशोक चौक की ओर जाते हुए एक संदिग्ध वाहन को रोककर जब जांच की तो उसके पास गांजा मिला। पुलिस ने वाहन के चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना परिचय जुबेर खान नासीर खान (26) नवी शुकवारी, हनुमान मंदिर के पास, महाल, कोतवाली निवासी बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 2 किलो 80 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस कार्रवाई के दौरान उसके पास से मोबाइल फोन समेत कुल 62000 रुपये का माल जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपनी साथी महिला आरोपी, शबाना आंटी (रा. भिमचौक, पुलगांव, जिला वर्धा) से आर्थिक लाभ के लिए गांजा खरीदता आया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## रक्तदान और मरणोपरांत देहदान आज की जरूरत: मधुसूदन मुडे

### स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर आयोजन

**नागपुर.**

परिवार और समाज की सामाजिक समस्याओं में आज रोग उपचार और शारीरिक चिकित्सा के प्रति जन जागरूकता अभियान आज की सबसे बड़ी सामाजिक जरूरत भी है।और इस संदर्भ में सबसे ज्यादा प्रभावी और कारगर माध्यम है सामाजिक संगठनों के साथ साथ शालेय विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करना प्रमुख हैं। उक्त महत्वपूर्ण जानकारी मनिषा शिक्षण प्रसारक मंडल नागपुर के सचिव एवं प्रमुख अतिथि मधुसूदन एम. मुडे ने प्रदान की। वे आज मैक्सवेल कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय धामना



हुडकेश्वर में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी वीर विनायक दामोदरराव सावरकर की पुण्यतिथि के आयोजन के अवसर पर बोल रहें थे। आपने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के जीवन चरित्र और देश भक्ति जुड़ी विभिन्न रोचक और प्रेरक घटनाओं पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। आपने कहा कि जीवन एक अनिश्चित संभावनाओं से जुड़ी ज़िंदगी है। इसलिए असामयिक घटनाओं के घटित होने पर रक्तदान और मरणोपरांत देहदान विशेष कर नेत्रदान, हृदय और किडनी जैसे अंगों के दान से किसी जरूरतमंद पीड़ित व्यक्ति की जिंदगी में हमारा एक प्रयास या अंगदान उसकी जिंदगी में अपार खुशियां और जिंदगी जीने के सारे मायने बदल सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तेजसिंह किराड़ ने विद्यार्थियों को आव्हान करते हुए कहा कि वे भगवान महावीर के महामंत्र जियो और जीने दो के नैतिक और सैध्दांतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात जरूर करना चाहिए। शिक्षा हम सबके लिए एक अनिवार्यता है परन्तु सामाजिक जीवन में हम सबके नैतिक दायित्व सबसे ज्यादा मूल्य रखते हैं। जीवन में आकस्मिक चिकित्सकीय स्थितियों में हमारा शारीरिक यथेष्ठ सहयोग, देहदान, नेत्रदान एक परम पुनीत कार्य है जो वसुदेव कुटुंबकम् की भावना के साथ मानवीय मूल्यों को भी एक ऊंचाई प्रदान करता है। साथ ही, एक प्रयास के फलस्वरूप औरों को भी ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करने का एक सुअवसर भी प्राप्त होता है। युवाओं को इस कार्य में आगे आना होगा और स्वयं को दृढ़ संकल्पित करने के साथ साथ, परिजनों को भी अभिप्रेरित करें और दूसरों को भी प्रेरणा प्रदान करते रहना होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीए ,बीकॉम,बीएससी के सभी प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को मैक्सवेल महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य सौ. लीना पांडे और मेजर हेमंत जकाते विद्यानिकेतन कि उप प्राचार्या सौ. भारती मानकर ने भी विद्यार्थियों को नेत्रदान और मरणोपरांत देहदान करने की जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम का संचालन जाह्नवी दशरथ ने किया।



# दो हजार वर्ष पूर्व की रामगढ़ शिव गुफा में वैदिक विधि विधान से महाभिषेक




**कोंढाली.**

उपराजधानी नागपूर से 55 किमी तथा कोंढाली से दक्षिण पांच कि मी दुरी फर स्थित अतिप्राचीन (वाकाटक द्वितीय समय के) रामगढ़ शिव गुफा, में 26 फरवरी को प्रात: भोर में ही वैदिक विधि विधान से महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर की पूजा अर्चना के इस क्षेत्र के विधायक चरणसिंग ठाकूर, रामगढ शिव गुफा देवस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ हरिजन धारपूरे, सचीव प्रकाश बारंगे तथा सभी ट्रस्टीयों के साथ साथ उपस्थित भाविकों तथा पुजारी पंडित तीवारी की उपस्थिति में महा रुद्राभिषेक यज्ञ संपन्न होगा । लगभग तीन घंटे तक इस महा शिवरात्रि उत्सव में विधायक चरण सिंग ठाकूर संस्थान के सभी पदाधिकारी प्रमुख वैदिक पंडितो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शंकर का वैदिक विधि- विधान के साथ महा रुद्राभिषेक किया जायेगा। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा और अर्चना विधि पूर्वक संपन्न हुयी की जायेगी।

### आज और कल भव्यतम् महाशिवरात्रि महाधर्मोत्सव मनाया जाएगा

**कोंढाली** - काटोल राज मार्ग 247 के खापा सोनार शिवार के पुर्व वाहिनी नदी पर स्थिती प्राचीन बहिरम बाबा देवस्थान कमेटी तथा इस क्षेत्र के अनेक गावं के हजारों शिव भक्तों के उपस्थित में 26 तथा 27 फरवरी को भव्यतम् महाशिवरात्री महाधर्मोत्सव मनाया जायेगा यह जानकारी यहाँ के महाशिवरात्री आयोजकों द्वारा दी गयी है. जिसमें 26फरवरी यानी आज प्रात: महाअभिषेक, तत्पश्चात शीवजी तथा मता पार्बती के भक्ती गीत, शिवजी लोकगीत (महादेवाचे गाणे) तथा विविध धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया गया है.

# पोरवाल कॉलेज में नेत्रदान जागरूकता, रक्तदान शिविर आयोजित




**कामठी.**

स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की स्मृति में सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज कामठी में मरणोपरांत नेत्रदान जागरूकता एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. विनयजी चव्हाण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रोशनी फाउंडेशन के डॉ. राजेंद्र जैन मुख्य अतिथी के रूप में मंच पर उपस्थित थे। मंच पर कामठी नगर परिषद (एन.यू.एच.एम. - यू.पी. एच.सी.) के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शबनम खानूनी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे, एन.सी.सी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद असरार और महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशिता अंबादे उपस्थित थीं। कार्यक्रम का प्रस्ताविक एवं संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे ने किया। लेफ्टिनेंट मोहम्मद असरार ने अपने भाषण के माध्यम से छात्रों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र जैन ने अपने भाषण में विद्यार्थियोंको नेत्रदान क्यों महत्वपूर्ण है यह बताया। उन्होंने नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई।

नगर परिषद कामठी की डॉ. शबनम खानूनी ने विद्यार्थियों को नेत्रदान और रक्तदान के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो.डॉ. विनय चव्हाण ने अपने अध्यक्षीय भाषण में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के बारे में जानकारी साझा की तथा विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि नेत्रदान जागरूकता तथा रक्तदान की आवश्यकता क्यों है। कार्यक्रम का आभार डॉ. निशिता अंबादे ने व्यक्त किया l कार्यक्रम की सफलता के लिए डॉ. इफ़्तिख़ार हुसैन, डॉ. तरुण्या मुल्तानी, डॉ. राजेश पराते, डॉ. किशोर ढोले, डॉ. महेश जोगी, डॉ. किरण पेठे, प्रा. पंकज गौरकर, प्रो. पी. के. शिंगणे, सीमा पाटिल, उमेश बांगर के साथ महेश धोंगड़े, श्रेया मेश्राम, पूजा चौधरी, प्रज्वल सौलंकी, प्रणित पाटिल और मनस्वी बोरकर ने विशेष प्रयास किए। शिबिर में कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन. सी. सी. के विद्यार्थीयो ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर रक्तदान किया।

# कंठेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन

**कामठी.**



जूनी कामठी स्थित काम्ठेश्वर शिव मंदिर में श्री शिव मंदिर देवस्थान समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पावन पर्व बुधवार 26 फरवरी व गुरुवार 27 फरवरी को दो दिवसीय धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। मंदिर समिति ने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव के दौरान विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया और चारों ओर धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज सुनाई देगी।

महोत्सव की शुरुआत आज बुधवार भोर सुबह 3 बजे भगवान काम्ठेश्वर महादेव अभिषेक किया जायेगा। शिव का रुद्राभिषेक के यजमान प्रकाश सीरिया व उनकी पत्नी, वर्द्धराज पिल्ले व उनकी पत्नी, जयराम पारवानी व उनकी पत्नी रहेंगे। इसी दिन सुबह 8 बजे से अखंड रामायण, गुरुवार 27 फ़रवरी को सुबह 9 बजे गोपाल काला, केशव महाराज भजन मंडल, 10.30 बजे से ह.भ.प उमेश महाराज बहुरूपी (वरूड) का 10.30 कीर्तन होगा। वहीं बुधवार 26 फरवरी को शिव मंदिर प्रांगण में लाईफ लाइन ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। दोपहर में श्री शिव मंदिर देवस्थान समिति की ओर से आभार व्यक्त किया जाएगा। गुरुवार 27 फ़रवरी को दोपहर 1बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

मंदिर समिति ने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पर्व श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है और इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण पूजन-अर्चन में शामिल होंगे। मंदिर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव के सफलतार्थ श्री शिव मंदिर देवस्थान समिति की अध्यक्षा जीजाबाई आसोले, उपाध्यक्ष बाबूलाल हिरणवार, उपाध्यक्ष प्रकाश सीरिया, सचिव राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, सहसचिव श्रीराम कुशवाह, कोषाध्यक्ष अनिल गंडालिया, सदस्य युगचंद छल्लानी, सदस्य उत्तम सायरे, भूषण इंगोले, प्रकाश हिरणवार, सदस्य सोनू पिल्ले, सदस्य विजय लांजेवार, विधि सलाहकार एड. गजानन आसोले, मंदिर पुजारी पंडित विजेंद्र तिवारी, सहायक श्याम मोहनकर सहित सहयोगी मंडल द्वारा कड़ी मेहनत की जा रही है।

# हुरुन इंडिया ने गैर-सरकारी कंपनी की चौथी रिपोर्ट जारी की

**नागपुर.** एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस 'बरगंडी प्राइवेट और 'हुरुन इंडिया ने भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची के चौथे संस्करण '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' को जारी किया। इस सूची में कंपनियों को उनके मूल्य के आधार पर रैंक दी गई है। सूची में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों का मूल्यांकन (वैल्यूएशन) शामिल किया गया है। यह सूची केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल करती है, सरकारी कंपनियों और विदेशी एवं भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियों (सब्सिडियरीज़) को इसमें जगह नहीं दी गई है।

'2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' में शामिल होने के लिए कंपनियों का न्यूनतम मूल्य 9,580 करोड़ रुपए (1.1 बिलियन यूएस डॉलर) होना आवश्यक था, जो 13 दिसंबर, 2024 तक के आंकड़ों के आधार पर तय किया गया। इस सूची में शामिल कंपनियों की औसत आयु 43 वर्ष है। '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' में कंपनियों का कुल संयुक्त मूल्य 324 लाख करोड़ रुपए (3.8 ट्रिलियन यूएस डॉलर) तक पहुँच गया है।

पिछले वर्ष की इसी अवधि में, बीएसई सेंसेक्स में 27 फीसदी की वृद्धि हुई, निफ्टी 50 में वर्ष-दर-वर्ष 30 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि एसएंडपी बीएसई 500 में 38 फीसदी की वृद्धि हुई।

# सालाना इम्तेहान में पास हुए मदरसे के बच्चों और उस्तादों की दस्तारबंदी और ईनाम वितरण

**नागपुर.**



महेबुब पूरा टीपू सुलतान चौक में नूरी महेबुबिया जामा मस्जिद के मदरसे से सालाना इम्तेहान देकर जिन बच्चों ने तालीम हासिल की, उन बच्चों की मदरसा कमेटी की तरफ से दस्तारबंदी कर के ईनाम वितरित किए गए। बच्चों की कामयाबी और मुल्क में अमन-चैन कायम रहने के लिए दुआएं मांगी गईं। मुस्लिम सेवा संघ की तरफ से मदरसा कमेटी के सचिव और मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेश महासचिव मोहसिन शरीफ ने उस्ताद आली जनाब आले रसूल अहमद साहब की दस्तारबंदी कर के उन्हें ट्रॉफी देकर उनका इस्तेकबाल किया। इस मौके पर मुस्लिम सेवा संघ के जिला अध्यक्ष शेख शहाबुद्दिन, महासचिव खतिबुर्रहमान, शहर अध्यक्ष युसूफ जमाल, उपाध्यक्ष एजाज अंसारी, शहर उपाध्यक्ष अब्बास अली प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में आमिलों, हाफिजों और नगरवासियों ने बच्चों को तालीम पूरी कर इम्तेहान में पास होने पर दुआएं देकर मुबारकबाद दी।

# हरिओम बाबा गौशाला में महाशिवरात्रि महोत्सव आज

**नागपुर.**




हरिओम बाबा गौशाला, लसनपुर में महाशिवरात्रि उत्सव 26 यानी आज फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन सुबह बाबाजी का अभिषेक व चरण पादुका पूजन, आरती सुबह 10.30 बजे होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर यहां भक्त गण देशभर से हजारों की संख्या में आते हैं। गौशाला समिति ने बताया कि हरि ओम बाबा गौशाला में 600-700 गौवंश हैं। यहाँ पर भगवान शंकर व हनुमान जी की 70 फुट ऊंची मूर्ति व विशाल नंदी की मूर्ति है। अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने की है। सफलतार्थ राजेश खंडेलवाल, सजन गोयल, संतोष अग्रवाल-भिलाई, राजाभाऊ मेडमवार, अनिल अग्रवाल, पवन पोद्दार, दिलीप लोहिया, रमेश भोयर, गोविंद सारडा- हिंगणघाट, सुरेशचंद्र खंडेलवाल, वसंत केला, घनश्याम पुरोहित, पवन अग्रवाल तथा भक्त मंडली प्रयासरत हैं।

# सिने अभिनेत्री वर्षा के गायन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

## डांस, कॉमेडी और फैशन शो से सांस्कृतिक महोत्सव का समापन

**नागपुर.**



बेसा-पिपला नगरपंचायती के दूसरे वर्धापन दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया था। रविवार को फिल्म अभिनेत्री वर्षा उसगावकर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंच पर बेसा-पिपला नगरपंचायती के प्रशासक भरत नंदनवार, अजय वाघमारे, मोहित राजनकर, विष्णू गायकवाड, पूजा जाधव सहित कर्मचारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम बेसा चौक के ओपन ग्राउंड में आयोजित किया गया था, जहां दोनों दिनों में कार्यक्रम स्थल श्रोताओं से खचाखच भरा हुआ था। डांस, कॉमेडी और फैशन शो ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मराठी और हिंदी फिल्म कलाकारों ने कार्यक्रम में रंग भर दिया।

रविवार के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मराठी-हिंदी फिल्म की अभिनेत्री वर्षा उसगावकर थीं। उनके साथ मराठी बिग बॉस फेम शिव ठाकरे भी उपस्थित थे। जैसे ही वे दोनों मंच पर आए, पूरा मैदान दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वर्षा ने कहा, "नागपुर से मेरा पुराना नाता है, मेरी पहली फिल्म 'गंमत जंमत' नागपुर में प्रदर्शित हुई थी। जैसे गोवा मेरा मायका है, वैसे ही नागपुर भी मेरे मायके जैसा है। नागपुर ने मुझे एक अलग पहचान दी है। आज भी नागपुर के लोगों के दिलों में मेरे लिए सम्मान और प्रेम है।

मुझे नागपुर की संत्रा बर्फी बहुत पसंद है। जब भी मैं नागपुर आती हूं, मुझे घर जैसा महसूस होता है। अभिनेत्री वर्षा और शिव ठाकरे के आगमन के बाद बेसा नगर पंचायती के प्रशासक नंदनवार और पूर्व विधायक सावरकर ने उनका उत्साह से स्वागत किया। इसके बाद वर्षा ने मराठी दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए गाने गाए और कुछ गानों पर डांस किया, जिससे दर्शकों का मनोरंजन किया।

# ट्रक की चपेट में आकर दो युवकों की दर्दनाक मौत, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**वाड़ी.**

वाड़ी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह हादसा 24 फरवरी की रात लगभग 9:30 बजे हुआ।

जानकारी के मुताबिक, मृतकों में 30 वर्षीय धनराज कालीचरण दरवरकर, निवासी छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) और रमेश कारुलालजी कटरे नाका नं 10 अधिवासी सोसाइटी वाडी निवासी शामिल हैं। दोनों हमेशा की तरह रोज वडधामना से अपनी टू व्हीलर स्प्लेंडर क्र.एमएच 31 ईजे 9831 से अपने काम से लौट रहे थे, तभी ट्रक क्र MH 40 BL 6012 नंबर की ट्रक ने लापरवाही से टक्कर मार दी।मंसर निवासी ट्रक चालक सुनील उदयसिंह कुंभारे (40) ने हादसे के बाद मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।ट्रक की चपेट में आने से रमेश कटरे की मुंडी जगह पर ही जवाब हुई और हादसे के बाद घायल धनराज को तुरंत मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।यह घटना इलाके में तेज रफ्तार वाहनों से होने वाले हादसों की गंभीरता को दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।




### अमरावती रोड पर स्ट्रीट लाइट बंद, बढ़ रही दुर्घटनाएं

वाड़ी पुलिस स्टेशन से वडधामना तक अमरावती रोड पर स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद हैं, जिससे हादसों की संख्या बढ़ रही है। वाड़ी ब्रिज बनने के बाद से इस क्षेत्र में वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर रात के समय दृश्यता कम होने के कारण। स्थानीय नागरिकों ने नेशनल हाईवे प्रशासन और अटलांटा टोल कंपनी से जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट चालू करने की मांग की है ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अतिवृष्टि की नुकसान भरपाई के घोटाले की जांच कर पात्र लाभार्थियों को न्याय दें




**कुही.**

तहसील में जुलाई माह में हुई अतिवृष्टि का बड़ा असर चिखलाबोडी गांव पर पड़ा। शासन ने किसानों को मदद देने के लिए आदेश जारी किए थे। इस आदेश के अनुसार तलाठी, ग्रामसेवक, पुलिस पाटिल और कोतवाल की उपस्थिति में सर्वेक्षण किया गया। इसमें जिन किसानों को कम नुकसान हुआ था, उन्हें प्राथमिकता दी गई, जबकि नालों के पास के किसानों की पूरी फसल नष्ट हो गई, लेकिन उन्हें मदद से वंचित कर दिया गया। इस सर्वेक्षण में शामिल पुलिस पाटिल काशीराम अतकरी और उनके पुत्र सुप्रीत अतकरी के एक ही सर्वे नंबर पर दो नामों से 78,000 रुपये की नुकसान भरपाई दी गई, जिससे बड़ा घोटाला उत्पन्न हो गया। भाजपा के नेता भागेश्वर फेंडर ने इस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के नुकसान भरपाई देने के नीति के तहत योग्य किसानों को मदद से वंचित रखा गया है।

### भागेश्वर फेंडर के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन

इस मामले की गहन जांच की मांग करते हुए 24 फरवरी 2024 को तहसीलदार हींगे को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर शेतकरी दशरत भगत, सुधाकर अतकरी, रपचंद ठवकर, प्रेमदास शहारे, अभिमन अतकरी, दुर्योधन सहारे, गोकुल लवकर, कचरु गजभिये, देविदास गजभिये, तुळशीदास लवकर, रेखाबाई अतकरी, पुष्पा अतकरी, जागेश्वर अतकरी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों पुरुष, महिलाएं और श्रमिक हुए लाभान्वित



**कोंढाली.**

ग्राम पंचायत बजरगांव एवं सोलर इंडस्ट्रीज लि. चकडोह के सहयोग से नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र जांच, कान, नाक, गला, अस्थि रोग, स्त्री रोग संबंधी जांच के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

नेत्र जांच एवं नि:शुल्क चश्मा वितरण कर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में गांव के तथा समीपस्थ गांव सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक सोमेश्वर मुंदड़ा, एम. के. सिंह, डॉ. बी. बी. सिंह, डॉ. शर्मा, सी.पी. देवताले, तुषार चौधरी (सरपंच बाजारगांव) सहित बाजारगांव ग्राम पंचायत के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# बुजुर्गों के लिए 'नाना-नानी पार्क' ग्राम पंचायत को सौंपा

**नागपुर.**

गाँवों का विकास सिर्फ बुनियादी ढाँचे से नहीं, बल्कि वहाँ रहने वाले लोगों की खुशहाली से मापा जाता है। इसी सोच को साकार करते हुए तथा सामुदायिक विकास और बुजुर्गों की भलाई की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, अदाणी फाउंडेशन ने 'नाना-नानी पार्क' विकसित कर कलंबी ग्राम पंचायत को सौंपा। कलंबी ग्राम पंचायत के पीछे स्थित इस पार्क का हस्तांतरण समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ। इसमें अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

अदाणी फाउंडेशन ने इस पार्क को बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया है। यहाँ हरे-भरे घास के लॉन, मजबूत पाथवे, सीमेंट की कुर्सियाँ, झूले, स्लाइडिंग, बर्ड नेस्ट, फेंसिंग, ट्री प्लांटेशन और मनोरंजन के अन्य साधन उपलब्ध कराए गए हैं। ये सुविधाएँ बुजुर्गों को एक आरामदायक और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेंगी, जहाँ वे दिन का समय शांति और सुकून से बिता सकेंगे। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें कलमेश्वर पंचायत समिति की बीडीओ श्रीमती अंशुजा गराटे, कलंबी के सरपंच विनोद भोयर, उपसरपंच छत्रपति मोहाड, ग्राम पंचायत सदस्य श्रीमती अल्का और अनिल डेहंकार, एसएचजी सीआरपी श्रीमती तारा भांगे, कल्याण अधिकारी सुनील थोबरे, सिविल प्रबंधक धीरज पाडोले, गुणवत्ता अधिकारी अनिल गवई, तथा एआरटी एनजीओ से रविंद्र तांडुलकर शामिल थे।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के नि:शुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### सुधीर अवस्थी

**कामठी.** दाल ओली नं 1 निवासी सुदेश अवस्थी के बड़े भाई व अभिषेक अवस्थी, आशुतोष अवस्थी के चाचा सुधीर अवस्थी (79) का 24 की रात में दुखद निधन हो गया। मंगलवार 25 फ़रवरी को दोपहर में अजनी रोड स्थित नया मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# मातोश्री आशाताई कुणावार महाविद्यालय में नेत्रदान संकल्प का आयोजन

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशा कुणावर कला, वाणिज्य व विज्ञान महिला महाविद्यालय, हिंगणघाट यहां एनएसएस विभाग अंतर्गत स्वातंत्र्यवीर वि. दा. सावरकर की 60 वी पुण्यतिथी पर 'मरणोत्तर नेत्रदान संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या विकास संस्था अध्यक्ष तथा मातोश्री महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर और मार्गदर्शक, प्रमुख अतिथि के तौर पर सुप्रसिद्ध नेत्रतज्ञ डॉ. स्नेहल चौधरी, मातोश्री महिला महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. सपना जयस्वाल, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी प्रा. भाग्यश्री साबले, वाणिज्य विभाग प्रमुख प्रा. वैशाली तडस, विज्ञान विभाग प्रमुख प्रा. शितल कारमोरे की थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व स्वातंत्र्यवीर वि. दा.सावरकर के प्रतिमा को माल्यार्पण करके की गई।




## > 'जीतेजी रक्तदान, जाते जाते नेत्रदान'

प्रसंग पर प्रा.भाग्यश्री साबले ने अपने प्रास्ताविक में कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। तो मार्गदर्शक नेत्र तज्ञ डॉ. स्नेहल चौधरी ने नेत्रदान सर्वश्रेष्ठ दान है, आपके दृष्टी से दूसरों को जीवन में प्रकाश देने का अमूल्य कार्य हम कर सकते है। साथ ही मोबाईल का इस्तेमाल कम से कम हो इस पर विचार रखे। अध्यक्षीय मनोगत में प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर ने 'जिते जी रक्तदान, जाते जाते नेत्रदान' ऐसा आवाहन करते हुए, स्वातंत्र्यवीर सावरकर के सुंदर गीत का गायन करके उनके साहित्य की याद विद्यार्थियों को करके दी।

### राष्ट्रहित का विचार करने का आह्वान

'ने मजसी ने मातृभूमीला, सागरा प्राण तळमळला' इस गीत के साथ विचार और तत्व विद्यार्थियो ने अंगीकार कर परिवर्तन करके, राष्ट्रहित का विचार करने का आव्हान इस वक्त कीया। उपप्राचार्य डॉ. सपना जयस्वाल ने मरणोत्तर नेत्रदान व जनजागृती के बावजूद विद्यार्थियो से संवाद साधा। कार्यक्रम सूत्रसंचालन प्रा. हर्षदा राऊत तो आभार प्रा. समीक्षा पवार ने माने। कार्यक्रम आयोजन के लिए एन एस एस सी आर प्रिया उडकुडकर, खुशी कचवे, हर्षदा मोरे, खेमिका पारखी, प्राची उघडे, नीलिमा माथनकर व संपूर्ण प्राध्यापक वृंद शिक्षकेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थिनीयों ने सहयोग किया।

# गांव की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता संदेश

**सड़क अर्जुनी.** राजीव गांधी समाजकार्य महाविद्यालय गोंदिया का ग्रामीण शिविर ग्राम खाड़ीपार स्थित जिला परिषद स्कूल में आयोजित हुआ. अध्यक्षता जिप सदस्य शैलेश नंदेश्वर ने की. प्रमुख अतिथि के रुप में प्राचार्य डा. मंगला कटरे, सरपंच दिनेश टेकाम, उपसरपंच यशवंत कावले, ग्रापं सदस्य चंद्रकुमार वालदे, निता शहारे, नीतू नंदेश्वर, भुमेश्वरी गौतम, निता कावले, रंजीत शहारे, अभिमन्यू शहारे, डा. राज पारधी, चौधरी उपस्थित थे. इस दौरान डा. कटरे ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को ग्रामीण शिविर के महत्व के बारे में जानकारी दी. इस तीन दिवसीय ग्रामीण शिविर में विद्यार्थियों ने योग शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा पूरे गांव की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया. विद्यार्थियों ने विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां, सामाजिक जागरूकता नाटक और जन जागरूकता शिविरों का आयोजन किया. संचालन आनंदकुमार पटले ने किया व आभार सतीश वालदे ने माना. सफलतार्थ दीपमाला रहांगडाले, ममता तुरकर, भारती बागडे, हंसा बावनकर, पौर्णिमा पारधी ने प्रयास किया.

# नियोजन की कमी के कारण चार पहिया रोड के बीच फंसी

## आवश्यक कोई सुरक्षा उपाय योजना नहीं



**हिंगनघाट.**

यह सड़क निर्माण कार्य चल रहा तब संबधीत ठेकेदार द्वारा यातायात मार्ग पर आवश्यक उपाय योजना नहीं किए जाने से शहर के विनायक चौधरी चौक के पास एक चार पहिया वाहन दोनों सड़कों के बीच में फंस गया। सौभाग्य से इस दुर्घटना में चार पहिया वाहन का चालक घायल नहीं हुआ, लेकिन वाहन को भारी क्षति पहुंची है. तहसील कार्यालय से डॉ. बाबासाहब आंबेडकर चौक तक इस सड़क का काम पिछले कई महीनों से चल रहा है।

### वाहन को भारी क्षति पहुंची

लेकिन ठेकेदार ने इस व्यस्त सड़क पर आवश्यक कोई सुरक्षा उपाय योजना नहीं हैं इसलिए आए दिन दुर्घटना हो रही है नागरिकों को अपनी जान हथेली पर रखकर यात्रा करनी पड़ रही है। निर्माण कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा योजना के अभाव के कारण नागरिकों को संकट भरी यात्रा करना पड रहा है.इस व्यस्त सड़क पर यात्रा करना दिक्त भरा हो रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से उचित योजना बनाने की मांग की है।

# जिला परिषद विषय समिति के विभाग बंटे

निर्माण व वित्त विभाग पद पर डा. भगत

गोंदिया. गोंदिया जिला परिषद की 4 विषय समितियों के लिए 10 जनवरी को जिला परिषद के स्व. वसंतराव नाईक सभागृह में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के 4 उम्मीदवार विजयी हुए थे. इनमें ईटखेड़ा क्षेत्र के जिप सदस्य पौर्णिमा ढेंगे को महिला व बालकल्याण सभापति पद व समाजकल्याण सभापति पद पर तिरोड़ा तहसील के सरांडी क्षेत्र के जिप सदस्य रजनी कुंभरे को चुना गया था. शेष 3 विषय समिति सभापति पदों के आवंटन के लिए 24 फरवरी को जिला परिषद की विशेष आम बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने की.



इस विशेष बैठक में वित्त निर्माण विषय समिति सभापति पद पर डा. लक्ष्मण भगत, कृषि व पशु संवर्धन विषय समिति सभापति पद पर दीपा चंद्रिकापुरे व जिप उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे को स्वास्थ्य शिक्षा विषय समिति सभापति पद दिया गया. सोमवार को किए गए विभागों के वितरण में उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे को शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग ही सौंपा गया. इसके अलावा स्थायी समिति में भी जिप सदस्यों का मनोनयन किया गया. स्थायी समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा चारों विषय समिति सभापति सदस्य के रूप में रहते हैं. स्थायी समिति में भाजपा सदस्य हनवत वट्टी, सविता पुराम, योपेंद्रसिंह टेंभरे व पूर्व जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले को सदस्य मनोनित किया गया. विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद राकांपा की ओर से पूर्व जिप उपाध्यक्ष यशवंत गणवीर स्थायी समिति में शामिल किए गए. वित्त समिति में पूर्व जिप सभापति पूजा सेठ को सदस्य के रूप में शामिल किया गया. जबकि स्वास्थ्य समिति में पूर्व जिप सभापति रूपेश कुथे मनोनित किए गए. पशु संवर्धन समिति में शांता देशभ्रतार, कृषि समिति में जयश्री देशमुख व प्रिती कतलाम को स्थान दिया गया है. विभागों के वितरण के दौरान जिप की सत्ता में शामिल भाजपा व राकांपा अजित पवार के बीच सामंजस्य दिखाई पड़ने से अगले ढाई वर्षों तक जिला परिषद में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

# सप्ताहभर से स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**गोंदिया.** शहरवासियों को मजीप्रा प्रशासन के कारण आज भी दूषित पानी से अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है. पिछले कुछ दिनों से शहर के शास्त्री वार्ड, गांधी वार्ड और सिविल लाइन इलाकों में दूषित और मटमैले पानी की पूर्ति हो रही है. जिससे नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है. पिछले कुछ दिनों से शहर में फिर से दूषित जलापूर्ति हो रही है. चार-पांच महीने पहले शहर को दूषित जलापूर्ति की समस्या का सामना करना पड़ रहा था. मजीप्रा ने उपाय करके समस्या का समाधान कर दिया था. लेकिन, पिछले एक सप्ताह से शहर के कई हिस्सों में नलों से दूषित पानी आ रहा है. पानी प्रदूषित व बदबूदार है. इससे शहर में बहस छिड़ गई है कि अशुद्ध पानी की आपूर्ति के कारण घर-घर बीमारियां फैल रही हैं.

# वर्धा डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट हुआ

**वर्धा.**

जिला स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन 23 को ओम शिव गौरी टेबल टेनिस अकादमी वर्धा में किया गया था जिसमे वर्धा जिले से 70 गर्ल्स ने हिस्सा लिया था ये टूर्नामेंट - अंडर 11 बॉयज गर्ल्स, - अंडर 13 बॉयज गर्ल्स, - अंडर 15 बॉयज & गर्ल्स और - अंडर 17 बॉयस गर्ल्स के बीच स्पर्धा का आयोजन किया गया था l जिसमे ज्ञानदा हाई स्कूल के 3 बॉईज और 6 गर्ल्स ने हिस्सा लिया था जिसमें -अंडर 13 गर्ल्स मे दुसरा पुरस्कार भूमिका तुराणकर - अंडर 15 गर्ल्स में दूसरा पुरस्कार भूमिका तुराणकर - अंडर 17 गर्ल्स में तीसरा पुरस्कार अश्मिता धोबे ने हासिल किया तथा ज्ञानदा हाई स्कूल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया और सभी सहभागी को सर्टिफिकेट देकर उनका हौसला बढ़ाया गया विजेता खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय स्कूल के प्राचार्य निकीत गेडाम, क्रीडा शिक्षक मुस्तफा बखश और सभी शिक्षक को दिया. बक्षीस वितरण कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी सुनील दीक्षित, आशिष ठाकरे ,. प्रदीप बजाज, अटल पांडे, ड्रा. प्रवीण धाकटे, मनोज मुरारकर , रोशन पटेल, अरविंद कोकडे व ओम तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन भारती हिवाळे ने किया.




# आज शिव मंदिरों में उमड़ेंगे भक्त

## > बोडुंदा, पोंगेझरा के मेले पर प्रशासन की विशेष नजर

**गोरेगांव.**



तहसील में स्थित शिव मंदिरों में आज महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले की धूम रहेगी. यहां बड़े पैमाने पर शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा. जिसकी तैयारियां तहसील के सभी शिव मंदिरों में चल रही है. जिसमें मुख्य रूप से बोडुंदा, पोंगेझरा शिव मंदिर, हिरडामाली पोंगेझरा शिव मंदिर, बेला पहाड़ी मुरदोली, धानुटोला शिव मंदिर, कटंगी जलाशय, नरसिंह कॉलोनी शिव मंदिर तथा गिधाड़ी शिव मंदिर शामिल है. उल्लेखनीय है कि विवादों के चलते बोडुंदा, पोंगेझरा शिव मंदिर मेले पर हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन की विशेष नजर रहेगी.

यहां शिव मंदिर परिसर को वन विभाग से मुक्त करने की मांग को लेकर ट्रस्ट तथा वाइल्डलाइफ वन विभाग के बिच विवाद छिड़ा है. हाल ही में पोंगेझरा गेट पर शिव भक्तों द्वारा आंदोलन किया गया था. जिसके चलते पोंगेझरा गेट शिव भक्तों के आवागमन के लिए खुली कर दी गई है. लेकिन विवाद अब भी पुरी तरह सुलझा नहीं है. ऐसे में महाशिवरात्रि के मेले पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी.

गायमुख से निरंतर पानी बह रहा जानकारी के अनुसार यह प्राचीन कालीन शिव मंदिर नागझिरा अभ्यारण्य के घने जंगल में स्थित ऊंची पहाड़ियों के बीच भगवान शिव का ब्रिटिश कालीन प्राचीन मंदिर है. जिसे पौराणिक मान्यता है कि पोगेंझरा में शिव की मूर्ति व गायमुख है. इस पवित्र स्थल पर रामायण काल में महर्षि मेघा की तपोभूमि थी. महर्षि मुक्तानंद स्वामी व रामजी महाराज तथा अनेकानंदजी महाराज ने इस स्थल पर आकर तपस्या की. इसलिए इस पवित्र स्थल को भी तपोभूमि के नाम से पहचाना जाता है. इस तीर्थ स्थल पर गायमुख से निरंतर पानी बहता रहता है.

### मंदिर को तीर्थ स्थल का दर्जा देने की मांग

महाशिवरात्रि, मकर संक्रांति, हनुमान जयंती, चैत्र नवरात्रि, सावन मास आदि कार्यक्रमों का आयोजन इस पवित्र स्थल पर किया जाता है. यहां हजारों श्रद्धालुओं की श्रद्धा इस मंदिर से जुड़ी है. ऐसे में इस पवित्र स्थान को वन विभाग से मुक्त करने की मांग अनेकों बार की गई है. विधायक विजय रहांगडाले स्वयं हर वर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर इस मंदिर में आते हैं. जिसमें हर वर्ष के महाशिवरात्रि पर इस मंदिर को तीर्थ स्थल का दर्जा देने का आश्वासन दिया जाता है. लेकिन अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है. बल्कि इस विवाद को सुलझाने में उन्हें भी कोई सफलता नहीं मिली है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है.

# कछुआ गति से सड़क निर्माण, धूल से नागरिक परेशान

**गोंदिया.** इन दिनों गोंदिया से रावणवाड़ी मार्ग का निर्माण कार्य शुरू है. निर्माण कार्य शुरू रहने के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए है तथा वाहनों के आवागमन के दौरान उड़ रही धूल से अन्य वाहन चालक परेशान हैं. लेकिन इस समस्या की ओर संबंधित विभाग और निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं. गोंदिया से रावणवाड़ी की ओर जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य शुरू है. लेकिन यह काम कभी शुरू तो कभी बंद रहता है. सड़क निर्माण करने के लिए खुदाई कार्य तो कर दिया गया है जिस वजह से इस मार्ग पर गत दो महीने से वाहन चालक जान हथेली पर लेकर आवागमन कर रहे हैं. निर्माण कार्य शुरू हुआ यह एक सराहनीय काम है लेकिन मार्ग पर सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया है. जिस वजह से इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटना घटित हो रही है. मार्ग की धुल से वाहन चालकों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत परिणाम पड़ रहा है. कछुआ गति से शुरू कार्य, सुरक्षा के इंतजाम नहीं और धुल से परेशान वाहन चालकों की समस्याओं की ओर लोकनिर्माण विभाग तथा ठेकेदार कोई ध्यान नहीं दे रहा है.

# गोंदिया नगर परिषद को अग्रवाल का बूस्टर डोज

**गोंदिया.**

पिछले 3 साल से स्थानीय निकाय चुनाव न हो पाने पर प्रशासक राज में चल रही गोंदिया नगर परिषद की बिगड़ैल व्यवस्था की आ रही शिकायतों का संज्ञान लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाकर उनकी खिंचाई की।

गोंदिया शहर के ज्वलंत मुद्दों साफ-सफाई, शिक्षा, आवास योजना, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, टैक्स, सिटी सर्वे सहित अनेक मुद्दों को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने 17 फरवरी को नगर परिषद में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ ही, पूर्व सभापति, नगर सेवक एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही।

विधायक विनोद अग्रवाल ने आवास योजना पर अनेक लाभार्थियों को क़िस्त न मिलने, पैसा आने पर देरी करने पर सुस्त अधिकारियों को फटकार लगाकर एक हफ्ते में रुकी सभी क़िस्त देने का निर्देश दिया। आवास योजना के तहत लाभार्थी से क़िस्त देने के एवज में रिश्वत की मांग करने की शिकायत आने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। और नगर परिषद कार्रवाई नही करती है तो विधायक श्री अग्रवाल ने उनके कार्यालय में इसकी शिकायत करने आम नागरिकों से अपील की।

इसके अलावा पुरानी परंपरा अनुसार जोन पद्धति पर चल रही सफाई व्यवस्था को सुधारित करने प्रभाग निहाय कचरा प्रबंधन, सफाई को लेकर प्रत्येक प्रभाग में 10 सफाई कर्मचारी नियुक्त करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आम नागरिक सफाई की बिगड़ती व्यवस्था से अत्यंत परेशान है, उनके समाधान हेतु 1 कमर्चारी को प्रभाग प्रमुख बनाकर उसका मोबाइल नम्बर जारी किया जाए।

इसके आलावा शहर में सुलभ शौचालयों की व्यवस्था नाममात्र होने पर, इसकी संख्या 10 से अधिक करने एवं इन सुलभ शौचालयों की देखरेख व सफाई हेतु एजंसी नियुक्त करने के निर्देश दिए। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, हम तीन माह के भीतर सभी सुलभ शौचालयों का निर्माण करेंगे।

इतनी बड़ी अ वर्ग की नगर परिषद होने के बावजूद हमारी टैक्स वसूली छोटी नगर पालिकाओं से भी कम है ये शोकांतिका की बात है। टैक्स की देनदारी हजारों शहर वासियों पर बकाया है पर वसूली क्यों नही की जा रही? टैक्स वसूली को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने 2 माह के भीतर टैक्स वसूली और 4 माह के भीतर क्यूआर कोड से ऑनलाइन टैक्स भरने की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, ये बात सामने आई है कि हजारों ऐसे लोग है जिनके आवास निर्माण हुए पर टैक्स डिपार्टमेंट इनसे अनजान है। इनसे टैक्स वसूली हेतु जो उचित हो कार्रवाई करो। हमारा सिटी सर्वे का कार्य शुरू है जो 1 साल के भीतर पूरा होगा। इस कार्य से जमीन की अवैध बिक्री, सरकारी जमीन की बंदरबांट का सच सामने आएगा। और आम नागरिक को उसका अधिकार मिलेगा।

नगर परिषद अंतर्गत चल रही अव्यवस्थित, दम तोड़ती स्कूलों को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने नाराजी व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम टैक्स वसूली तो करते है, शिक्षा कर भी लेते है पर हमारी बिगड़ैल व्यवस्था के चलते गरीबो को मुफ्त शिक्षा नही दे पा रहे है।

उन्होंने स्कूलों की स्थिति सुधारने, शिक्षकों के नदारद रहने पर हर स्कूल में बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने, जो शिक्षक मनमर्जी से कार्य करते है उनपर कार्रवाई करने और सभी कॉन्वेंट स्कूलों में 10 माह के करार पर टीचरों की संख्या बढ़ाने, उनका समय पर वेतन देने के निर्देश दिए। इतना ही नही, विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, मैंने जिला परिषद का शिक्षण सभापति रहते हुए पूरे जिलापरिषद शालाओं का कायापलट किया, सेमी इंग्लिश की शुरुआत की, जिसे सरकार ने सराहा और गोंदिया पैटर्न कर राज्य में लागू किया। हम इसी तर्ज पर सभी शालाओं में शिक्षा की स्थिति में सुधार लाकर बच्चों को मुफ्त शिक्षा का लाभ देंगे। इनके अलावा आम नागरिकों द्वारा समय पर उपस्थित किये गए अनेक ज्वलंत मुद्दों को नप अधिकारियों के समक्ष रख उनके समाधान के निर्देश विधायक विनोद अग्रवाल ने दिए। उन्होंने कहा, आज जो भी निर्देश दिए है उस पर तत्काल प्रभाव से अमल लाया जाए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे। बैठक के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में नप मुख्याधिकारी श्री संदीप छीद्रवार, राणे, घनश्याम पानतवने, कशिश जायसवाल, धर्मेश (बेबी) अग्रवाल, सुनील केलनका, भावना कदम, राजेश बघेल, विजय रगड़े, ऋषिकांत साहू, अनिल हुंदानी, रिंकू आसवानी, लालू शर्मा, विवेक मिश्रा, बंटी पंचबुद्धे, मुकेश मिश्रा, जयंत शुक्ला आदि सहित सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सिनेमा और साहित्य व्यक्ति के जीवन को बदलने के माध्यम : कुलपति सिंह

**वर्धा.**




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 'सिनेमा, साहित्य और समाज का अन्तःसंबंध' विषय पर सोमवार 24 फरवरी को ग़ालिब सभागार में आयोजित दो दिवसीय (24-25) राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सिनेमा और साहित्य व्यक्ति के जीवन को बदलने के ताकतवर माध्यम हैं। महाभारत और रामायण जैसे पौराणिक उत्कृष्ट महाकाव्य पर बनी फिल्मों का समाज पर गहरा असर हुआ है। समाज को प्रभावित करना सिनेमा और साहित्य का उद्देश्य रहा है। साहित्य व्यक्ति की तथा सिनेमा समूह की रचना है।

व्यक्ति को झकझोर देना फिल्म की ताकत होती है। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध निर्माता एवं निर्देशक गजेन्द्र अहिरे ने कहा कि साहित्य और सिनेमा एक दुसरे के पुरक है। वे अलग हो नहीं सकते। वर्तमान समय में तकनीक में आए अद्भुत परिवर्तन के कारण आज फिल्म बनाना आसान हुआ है। प्रो. हुबनाथ पाण्डेय ने कहा कि सिनेमा बुनियादी रूप से व्यापार है व साहित्य सिनेमा के लिए एक तरह से कच्चा माल है। सिनेमा एक कला होने के कारण उसमें दुनिया को बदलने की ताकत होती है। दोनो के बीच लेन-देन का सिलसिला चलता रहता है। अच्छी फिल्में और अच्छा साहित्य चाहते हो तो हमें जागरूक रहना होगा और तभी सिनेमा और साहित्य को बचाया जा सकता है। सुप्रसिद्ध लेखिका सुशिला टाकभोरे ने अपेक्षा व्यक्त की कि अच्छे साहित्य पर फिल्में बननी चाहिए। स्वागत भाषण एवं प्रस्तावना करते हुए गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि सिनेमा समाज को ताकत देते आ रहा है। मुख्यधारा में ऐसे अनेक सार्थक निर्माता है जिन्होंने समाज पर अपना प्रभाव छोडा है। उन्होंने कहा कि सिनेमा और साहित्य समाज को प्रभावित करते हैं। उन्होंने दो दिवसीय तकनीकी सत्रों की रूपरेखा रखी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावडे की पुस्तक 'नाट्य मीमांसा' तथा विश्व हिंदी ओलंपियाड का पोस्टर लोकार्पित किया गया, यह ओलंपियाड रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा विश्व के 34 देशों में हिंदी ज्ञान को केंद्र में रखकर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विजेताओं को करोड़ों रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा

महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा विवि के कुलगीत की प्रस्तुति से किया गया। संचालन गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार राय ने किया तथा संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. दिगंबर तंगलवाड ने आभार माना। कार्यक्रम में सिनेमा और साहित्य से जुड़ी हस्तियां कवि लोकनाथ यशवंत, मनोज रुपड़ा, जयशंकर, प्रफुल्ल शिलेदार, आशुतोष, डॉ. राजेन्द्र मुंढे, जयप्रकाश नागला, रविकांत सहित विवि के अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### उद्घाटन सत्र के बाद सिनेमा और साहित्य

रचनात्मक संवाद, डिजिटल युग और बदलता सिनेमा, शांति के लिए सह अस्तित्व और सिनेमा विषयों पर वक्ताओं ने विचार रखे। संगोष्ठी में मंगलवार, 25 फरवरी को सिनेमा और इतिहास, सिनेमा साहित्य और सबअल्टर्न विमर्श, समाज, संस्कृति और सिनेमा : बिम्ब- प्रतिबिम्ब विषयों पर विमर्श होगा। संगोष्ठी का समापन कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को होगा जिसमें प्रो. रविकांत एवं डॉ. पूनम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे।

# 87,000 किसानों ने समर्थन मूल्य से मुंह मोड़ा

## जिले में 1,86,578 से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

**गोंदिया.**

कृषि उपज बेचते समय धोखाधड़ी को रोकने के लिए सरकार समर्थन मूल्य पर धान खरीदती है. लेकिन, धान खरीदी प्रक्रिया में केंद्र पर कई अनियमितताओं और लूट को देखते हुए, जिले के आधे से अधिक किसान इस विश्वास के साथ अपनी कृषि उपज बेच रहे हैं कि व्यापारियों का मूल्य समर्थन मूल्य से बेहतर है. गोंदिया जिले में 1 लाख 86 हजार 578 से अधिक किसानों ने कृषि उपज बेचने के लिए सरकारी पोर्टल पर पंजीकरण कराया है. लेकिन, उनमें से 87,000 किसानों ने समर्थन मूल्य से मुंह मोड़ लिया है. गोंदिया जिले में सबसे ज्यादा धान का उत्पादन है. इस जिले में खरीफ सीजन के दौरान 2 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती होती है. जिसके अनुसार, खरीफ सीजन से अपेक्षित उत्पादन लगभग 80 लाख क्विंटल है, जिसमें से किसान कुल उत्पादन का औसतन लगभग 60 लाख क्विंटल बेचते हैं. सरकार सामान्य गुणवत्ता वाला धान 2,300 रु. प्रति क्विंटल और ए-ग्रेड धान 2,320 रु. प्रति क्विंटल की दर से खरीदती है. गोंदिया जिले में 1 लाख 86 हजार 578 किसानों ने धान बेचने के लिए सरकारी पोर्टल पर पंजीयन कराया है. उनमें से मार्केटिंग फेडरेशन ने करीब 78 हजार और आदिवासी विकास महामंडल ने 22 हजार किसानों से धान खरीदा है. गोंदिया जिले में 31 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है. लेकिन, 87 हजार किसान अभी तक धान खरीदी केंद्र नहीं पहुंचे पहुंचे हैं. किसानों ने समर्थन मूल्य से मुंह क्यों मोड़ लिया है? सरकार को यह बात समझनी होगी. किसान कहते हैं... व्यापारी बेहतर धान को समर्थन मूल्य पर बेचने के बजाय घर या खेत से ही खरीद लेने वाला व्यापारी बेहतर है. यह बात किसानों द्वारा व्यक्त की जा रही है. समर्थन केंद्र पर किसानों को खुलेआम लूटा जा रहा है. प्रति क्विंटल 2 किलो अतिरिक्त धान अवैध माना जाता है. मजदूरी भी ली जाती है. कुल मिलाकर किसान को प्रति क्विंटल 70 से 80 रु. खर्च करने पड़ते हैं. इसके अलावा किसान कह रहे हैं कि धान को केंद्र तक ले जाने के लिए किराया देने की सारी सिरदर्दी से बेहतर होगा कि थ्रेसर वाला खेत पर आकर सौ रु. से भी कम कीमत पर धान खरीद ले.

### केंद्र में किसानों से लूट, यंत्रणा की अनदेखी

कुल 231 केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्यों पर धान की खरीदी की गई, जिनमें से 191 जिला मार्केटिंग फेडरेशन के स्वामित्व में और 40 आदिवासी विकास महामंडल के स्वामित्व में थे. लेकिन कुछ एक केंद्रों को छोड़कर लगभग सभी जगहों पर किसानों को लूटा जा रहा है. इसके बावजूद यंत्रणा इसकी अनदेखी कर रहा है. किसानों को लिंकिंग के माध्यम से लूटा जा रहा है. कहा जा रहा है कि इस समस्या के कारण किसानों ने समर्थन मूल्य केंद्रों से मुंह मोड़ लिया है.

### 'वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड 2024-25' का द्वितीय संस्करण

# सशक्त महिलाओं को मिलेगा सम्मान

**नागपुर.**

महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों को पहचान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'InBCN NEWS CHANNEL' एवं 'नागपुर मेट्रो समाचार' के संयुक्त तत्वावधान में 'वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड 2024-25' के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन महिलाओं को समर्पित होगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में अलग पहचान बनाई है।

**सम्मान समारोह की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए**

इस पुरस्कार समारोह की नींव वर्ष 2022 में रखी गई थी, जब 19 जून 2022 को नागपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान 'वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड' के पहले संस्करण में विदर्भ की प्रतिष्ठित महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों पर आधारित 'एक विशेष कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया गया था। इस ऐतिहासिक आयोजन में कई सम्माननीय अतिथियों की उपस्थिति रही और समाज की विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं को इस मंच पर सम्मानित किया गया। अब इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, 'InBCN NEWS CHANNEL' एवं नागपुर मेट्रो समाचार '2025 के दूसरे संस्करण को और भी भव्य और यादगार बनाने जा रहे हैं।' इस आयोजन के माध्यम से समाज की उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने न केवल अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है।

**कार्यक्रम की प्रमुख जानकारियां**

**पुरस्कार:** 'वूमेन अचीवर्स अवॉर्ड 2024-25' (द्वितीय संस्करण)
**तारीख:** 5 अप्रैल 2025, **स्थान:** नागपुर

कार्यक्रम से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जल्द ही साझा की जाएंगी। यह पुरस्कार समारोह न केवल समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

**आप भी बन सकते हैं इस गौरवशाली समारोह का हिस्सा**

अगर आप या आपके आसपास कोई ऐसी महिला हैं जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है, तो इस सम्मान के लिए नामांकन प्रक्रिया की जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।

बने रहें हमारे साथ और जुड़ें इस प्रेरणादायक पहल में, जहां हम महिलाओं की असाधारण सफलता को पहचानेंगे और उनके संघर्ष व समर्पण को सलाम करेंगे!

# महाबोधि महाविहार को मुक्ति दिलाने बौद्ध समाज का आंदोलन

**सौसर.**



मंगलवार को नगर में भारतीय बौद्ध महासभा सौसर, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल, मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल, भीम आर्मी सौसर, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखीवाड़ा, आदि संस्थाओं ने बुद्धगया महाबोधि महाविहार में चल रहे, आमरण आंदोलन एवं बौध्दगया महाविहार के मुक्ति को लेकर महामहिम राष्ट्पति के नाम सौसर प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया। इसके पूर्व बुद्ध आंबेडकर अनुवाइयों ने रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। महामहिम राष्ट्रपति के नाम सोपे ज्ञापन में पूज्य भन्ते सारिपुत्र भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, चंद्रभान बागडे मुरलीधर कामले,डॉ एल ठवरे, बौध्द नवयुवक़ युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने बताया कि महाबोधि महाविहार को वर्ग विशेष के कब्जे से मुक्ति के लिए देश विदेश से भिक्खू भिखुनी, बौध्द समाज ने शांतिपूर्ण रूप से 12 फरवरी से महाबोधि परिसर बोधगया में आंदोलन कर रहे है। दुनिया के सभी धर्म की पवित्र जगह उनके अनुवायीयों के पास है। महाबोधि महाविहार को भिक्खुओं को न सौप कर एक वर्ग विशेष ने अपने कब्जे में रखा है। प्रधानमंत्री विदेशों में जाकर मैं बुद्ध के देश से आया हूं कहते हैं। परंतु तथागत बुद्ध का प्रमुख स्थल महाबोधि महाविहार बौद्धों के हाथों में न होकर एक वर्ग विशेष के हाथों में सालों से है। हजारों भिक्खु संघ बौध्दगया में निरंतर 15 दिनों से आमरण आंदोलन कर रहे है। केंद्र सरकार और बिहार सरकार ने रास्ता निकाल कर महाबोधि बोध्दगया महाविहार को बौध्द समाज या भिक्खू संघ को सौपना चाहिए. इसके अलावा बिहार सरकार ने महाबोधि बिहार बोधगया का संपूर्ण परिसर तथा आजू-बाजू की तीन किलोमीटर का क्षेत्र बौद्धों के हाथों में देना चाहिए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है पूज्यबदंत आकाश लामा को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। आदि मांगों का समावेश है। सरकार और शासन ने उक्त मांगों पर निराकरण नहीं करने पर भविष्य में बौद्ध समुदाय उग्र आंदोलन करेगा।

इस दौरान लक्ष्मीदास बोरकर,विट्ठल बागड़े, दीपक नागदवने, प्रेमराज गजभिये, सिद्धार्थ सोमकुंवर,डॉ राहुल वाहने,पुरुषोत्तम गजभिये, भीमराव सोमकुंवर,दिवाकर बागड़े,मयूर गजभिये,अशोक कड़बे,अमित बंसोड़, शत्रुघ्न ठवरे,रवींद्र रंगारे,प्रवीण पाटिल,विजय चाँदेकर, डॉ राजेश सोमकुंवर,अनिल रंगारे,सिद्धाथ बागड़े,संजय ढोके,एड दिनेश बागड़े,महादेव गोडबोले,प्रदीप सोमकुंवर, एड सरोज दुफ़ारे,पमिता बागड़े,सविता दुफारे,अलकाबाई बागड़े,चंद्रप्रभा ठवरे,संघमित्रा गजभिए,रमाबाई गजभिये,योगिता कड़बे,आदि उपस्थित थे।

## प्रशांत मिश्रा को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ और टेस्ला प्रमुख ने सराहा

**भंडारा.**



भंडारा के एक किसान बेटे, प्रशांत मिश्रा को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला और टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने एक्स पर खूब सराहा। एक कृषि चमत्कार हुआ है, जिसे नागपुर स्थित प्रशांत मिश्रा द्वारा स्थापित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस एक आईटी कंपनी ने विकसित किया है। बारामती के किसानों के एक समूह ने मिश्रा की फर्म द्वारा विकसित एल्गोरिदम का सफलतापूर्वक उपयोग करके 22 फीट ऊंचा गन्ना उगाया है। आमतौर पर, फसल 10 से 12 फीट से अधिक ऊंची नहीं होती है। लेकिन प्रशांत मिश्रा की कंपनी ने यह चमत्कार कर दिखाया जिसके लिए उनकी सराह ऐसे दिग्गजों ने की गई है। नडेला ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वो मिश्रा के कार्य के बारे में बता रहे हैं कि कैसे एआई-आधारित खेती ने पश्चिमी महाराष्ट्र के चीनी उत्पादक क्षेत्र, बारामती में गन्ना उत्पादकों के जीवन को बदल दिया। मिश्रा ने शुरुआत में नागपुर के आईटी पार्क में एक आईटी कंपनी क्लिक2क्लाउड के साथ शुरुआत की, बाद में मिहान-एसईजेड में स्थानांतरित हो गए। आखिरकार, एग्री पायलट, एक एग्रीटेक कंपनी, मूल कंपनी से अलग हो गई, जिसकी अब विदेश में इकाइयाँ हैं। नडेला ने इसे 'कृषि पर एआई के प्रभाव का एक शानदार उदाहरण' बताया। साथ ही वीडियो में उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा उदाहरण है जिसे मैं उजागर करना चाहता हूं जहां आप बिजली प्रौद्योगिकी के प्रभाव को देख सकते हैं। रसायनों, पानी के उपयोग और अंतिम उपज में कमी के संदर्भ में उन्होंने जो संख्याएँ साझा कीं, वे अभूतपूर्व थीं। अपने इस फर्म को शुरू करने से पहले, उद्यमी प्रशांत मिश्रा ने राजनीति में भी अपना हाथ आजमाने की कोशिश की थी। उन्होंने साल 2014 का लोकसभा चुनाव भंडारा से कांग्रेस के नाना पटोले के खिलाफ लड़ा था और हार गए थे।

## राजाराम सोसायटी गार्डन असामाजिक तत्वों के हवाले



**नागपुर.**

झूले टूटे हुए, घिसर पट्टी जर्जर दशा में, लगा हुआ है ज़ंग , उगी और फैली हुई है घास फूस , वाकिंग ट्रेक है नदारद, ( वाकिंग ट्रेक के लिए कुछ पत्थर आए थे लेकिन उन्हें अन्यत्र गार्डन के लिए उठा कर ले गए) , जिम ग्रीन की दशा है बदहाल स्थिति में मतलब वे जाम होकर रह गए हैं , गेट पर ताला नहीं , पोल का बल्ब देता नहीं प्रकाश ! गार्डन रहता है अंधकारमय। यही कारण है कि अंधेरे का लाभ उठाकर यहां रात में असामाजिक तत्वों का बना रहता है बसेरा.

सभी प्रकार की सुविधाओं से यह गार्डन मुक्त हो कर रह गया है। स्थानीय लोग बताते हैं कि गार्डन को मानों असमाजिक तत्वों के हवाले कर दिया गया है। इन तमाम समस्याओं से जूझ रहे नागपूर पश्चिम में स्थित राजाराम सोसायटी के गार्डन को ठीक-ठाक करने के लिए एनआईटी से मांग की गई है , यह गार्डन श्याम लान के पीछे है । सुधार की मांग जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया प्रभारी डॉ एम ए रशीद ने की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के लिए उचित दशा में गार्डन में शीघ्र ही आवश्यक क़दम उठाए जाना चाहिए।

## दुकान का शटर तोड़कर 4.27 लाख की चोरी

**नागपुर.**

गिट्टीखदान थाना क्षेत्र के शिलानगर चौक, काटोल रोड स्थित रूमी किराना स्टोर में अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर 4.27 लाख रुपये का माल उड़ा लिया। मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जमील नसीर खान (44) आई.वी.एम रोड, बड़ी मस्जिद के पास, गिट्टीखदान निवासी ने 23 फरवरी की रात 9:30 बजे दुकान बंद कर ताला लगाया और घर चले गए। अगली सुबह 11 बजे जब वे दुकान पर पहुंचे, तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था, और दुकान का शटर भी उठा हुआ था। जांच करने पर उन्होंने पाया कि कैश काउंटर से 1.82 लाख रुपये नकद, सिगरेट, बीड़ी के पैकेट और जनरल कॉस्मेटिक का सामान चोरी हो चुका था। कुल मिलाकर 4.27 लाख रुपये का माल चोरी हुआ था। फरियादी की शिकायत पर गिट्टीखदान पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस उपनिरीक्षक इंगले मामले की जांच कर रहे हैं।

# रनाला मोक्षधाम में शिव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा आज

### सरपंच पंकज साबरे के प्रयासों से बना सुसज्जित मोक्षधाम

**कामठी.**




रनाला ग्राम पंचायत अंतर्गत नए मोक्षधाम में भगवान शिव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह 7 से 11 बजे किया जाएगा। स्थापित भगवान शिव प्रतिमा की पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान के साथ विधिवत रूप से किया जाएगा। भगवान शिव की प्रतिमा करीब 6 फीट ऊँची और करीब 3 फीट चौड़ी है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे इलाकों का वातावरण भक्तिमय हो गया है। सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे व ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी व गांव के लोग प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए है।

ज्ञात हो कि रनाला ग्राम पंचायत अंतर्गत मोक्षधाम में अधिक विकास के कार्यों की जरूरत थी. जिसके बाद रनाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले एवं पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर के प्रयासों से आगे आकर शासन निधि से मोक्षधाम का नवीनीकरण कार्य शुरू किया. इस दौरान मोक्षधाम के जीर्णोद्धार व नवीनीकरण निर्माण कार्य में बाउंड्री वॉल के साथ शेड पूर्ण कराया गया है. अधिक संख्या में पौधरोपण भी किया गया है. लकड़िया रखने के लिए व बैठने की व्यवस्था भी की गई है. ट्यूब वेल लगाया गया. साथ ही रंग रोगन भी किया गया है.

वही सरपंच पंकज साबरे ने कहा कि ग्राम पंचायत सभी सदस्य, कर्मचारी व गांव के नागरिकों ने जुड़कर सहयोग किया, इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी अन्य विकास कार्यों में भी सहयोग की अपेक्षा की है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**नागपुर.** पारडी थाना क्षेत्र के पगारीया चौक के पास एक तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अशोक चौक, ईमामवाड़ा निवासी 60 वर्षीय सुधाकर नारायणराव पांडे अपनी दोपहिया वाहन एमएच 31 बीएम 0614) से सर्विस रोड पर टर्न ले रहे थे। इसी दौरान ट्रक क्रमांक (एमएच 40 सीएम 9515) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल राधाकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पारडी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस उपनिरीक्षक आहेर ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(अ), 125(ब) सहित मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 और 177 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## गोंदिया रेलवे शेड में इंजन दुर्घटना, दीवार से टकराया

**गोंदिया.**

गोंदिया के रेलवे टावर वैगन शेड में एक इंजन सरक गया और पीछे की दीवार से टकरा गया. इससे पूरी दीवार ढह गई. गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन अगर दीवार न होती तो ट्रेन का इंजन पीछे फ्लाईओवर से टकरा जाता।

जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का काम किया गया. रेलवे के टॉवर वेगन शेड में इंजन को खड़ा किया जाता है, जहां पर इंजन की मरम्मत या अन्य काम किए जाते हैं। इस शेड में इंजन को सुरक्षित रूप से पार्क किया जाता है, लेकिन मंगलवार सुबह एक बड़ी लापरवाही सामने आई। लोको पायलट ने इंजन को समय रहते नही रोका जिससे इंजन शेड की दीवार से टकरा गया। अगर यह दीवार नहीं होती, तो इंजन उड़ान पुल से टकरा सकता था, जहां पर उस समय भारी ट्रैफिक था।

ऐसे में बड़ी जनहानि हो सकती थी। अब इस घटना की जांच की जा रही है और ये भी सवाल उठ रहा है कि लोको पायलट ने ब्रेक क्यों नहीं लगाया। इस मामले में रेलवे विभाग लोको पायलट की जांच करवा सकता है। इस घटना के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्थाओं में और भी सतर्कता बरतने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## स्टेशन पर कुली की हार्ट अटैक से मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**नागपुर.** नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर सोमवार सुबह एक दिल दहलाने वाली घटना घटी, जब एक कुली की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान पाटनकर चौक निवासी पप्पु राहुल टेंभुर्णे (40) के रूप में हुई है। वह रेलवे स्टेशन पर बिल्ला नंबर 83 के साथ लंबे समय से कुली का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे पप्पु पटना एक्सप्रेस पर सवारी की तलाश में पहुंचे थे, लेकिन कोई काम नहीं मिलने के कारण वह प्लेटफार्म नंबर 1 के मुंबई छोर पर एफओबी के नीचे खड़े थे। अचानक उन्हें चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़े। साथी कुलियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से स्टेशन पर मौजूद कुलियों और यात्रियों में शोक की लहर दौड़ गई। पप्पु किराए के मकान में रहते थे और उनका परिवार पूरी तरह से उनकी कमाई पर निर्भर था। उनके परिवार में पत्नी, मां और दो बेटियां (उम्र 3 व 15 वर्ष) हैं। अचानक हुए इस हादसे के कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है और उनके सामने जीवन यापन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

## सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक ने दी थी हत्या की सुपारी

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नागपुर.**

सदर पुलिस ने एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने पुराने परिचितों से एक व्यक्ति की हत्या करने की सुपारी दी थी। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक भी शामिल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया और घटनास्थल से महत्वपूर्ण सबूत भी बरामद किए। जानकारी के अनुसार यह घटना 17 फरवरी 2025 को दोपहर 3:45 बजे के आसपास की है। जब फरियादी , 65 वर्षीय सुरेश प्रल्हाद सोनटक्के अपने मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तो अचानक दो अज्ञात युवक उनका पीछा करते हुए उन्हें लकड़ी से हमला करने की कोशिश की। इस हमले के दौरान सोनटक्के ने अपने बचाव के लिए हाथ आगे किया, जिसके बाद आरोपी भाग गए। इसके बाद सोनटक्के ने पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस ने तकनीकी जानकारी और गुप्त सूचना के आधार पर छानबीन शुरू की। सीसीटीवी कैमरे की मदद से और गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बैरामजी टाउन और खदान वस्ती इलाके में छापेमारी की। इस दौरान पांच आरोपियों की पहचान की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक राजाराम पांडुरंग कोरे (62) भी शामिल थे, जिन्होंने घटना के मुख्य आरोपी को हत्या करने की सुपारी दी थी। अन्य आरोपियों में अब्दुल वसीम (41), अनिल जेम्स चौरे (32), अनिकेत उर्फ निक्की दिलीप बहादुरे (27) और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। अब्दुल वसीम और अनिल चौरे ने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि उन्हें राजाराम कोरे ने सोनटक्के को मारने के लिए सुपारी दी थी। पुलिस ने घटना स्थल से एक लकड़ी का दंडा बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल हमले में किया गया था।

## नवाबपुरा में आज रुद्राभिषेक और सुंदरकांड पाठ

**नागपुर.**

नवाबपुरा निवासी पंडित शिवकुमार मिश्रा के निवास स्थान पर आज रुद्राभिषेक और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है. सभी भक्तों से प्रसाद लेने एवं पूजा में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 467-7 | 468-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 248-4 | 360-9 |
| प्रभात | 370-0 | 189-8 |
| प्रभात नाईट | 289-9 | - |
| डायमंड | 133-7 | 488-0 |
| मेन बाजार | 344-1 | - |
| मिलन डे | 359-7 | 456-5 |
| मेन रतन | 169-6 | 557-7 |
| कल्याण | 367-6 | 267-5 |
| राजधानी डे | 256-3 | 148-3 |
| राजधानी नाईट | 134-8 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 800-8 | 356-4 |

# अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मोहगांव, एक अद्भुत धार्मिक स्थल


**सौसर.**

पुण्य, पवित्र धर्मनगरी अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मोहगांव नगर का भी अपना एक प्राचीनतम इतिहास है जो कि विश्व के साढ़े बारह ज्योतिर्लिंग में से आधा ज्योतिर्लिंग श्रीअर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग के कारण अस्तित्व में आया है। विश्व का एक मात्र अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सतपुड़ा की सुरम्य वादियों के बीच पवित्र औदुम्बर वृक्ष की जड़ से उद्गमित होकर ओंकार के आकर में सर्पाकार प्रवाहित होकर गुजरने वाली पावन, पवित्र सलिला सर्पिणी नदी के तट पर अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदीर स्थापित है, जो को मध्यभारत के अति प्राचीन शिवालयों में से एक है तथा साढ़े बारह ज्योतिर्लिंगो में अर्धज्योतिर्लिंग की मान्यता से विभूषित यह अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर विश्वविख्यात शिवभक्ति धाम एवं प्रमुख आस्था केंद्र है।

प्रतिवर्ष वर्ष में दो बार माघ मास और कार्तिक मास में यहाँ सूर्य की पहली किरण सीधे ज्योतिर्लिंग पर पड़ती है। इस परम पावन मंदिर को वास्तुकला महामृत्युंजय यंत्र पर आधारित है, प्रथम परकोट में चार दिशाओं में चार प्रवेश द्वार है जो कि चार धाम का प्रतीक है एवं द्वितीय परकोट में बारह प्रवेश द्वार है जो कि बारह ज्योतिर्लिंगो के प्रतीक है, इस अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की अद्भुत विशेषता यह है कि यह गहरे काले एवं गौरवर्ण दो प्रकार के पत्थरों से निर्मित है जिससे यहां स्वयं महादेव शिव पार्वती शक्ति के संग एकसाथ विराजमान होने का प्रतीक है जो कि अर्धनारीश्वर भगवान का अभीष्ट रूप है विश्व में एक मात्र यही एक शिव मंदिर है जहां सूर्य की प्रथम किरण सीधे ज्योतिर्लिंग पर पड़ती है। इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं प्रदक्षिणा से चारों धाम की यात्रा एवं बारह ज्योतिर्लिंगो के दर्शन का पुण्यलाभ प्राप्त होता है. पवित्र सर्पिणी नदी तट पर स्थित अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, विश्व के साढ़े बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यहाँ भगवान शिव और पार्वती के मिलन का अद्भुत रूप दर्शाया गया है। इसी के साथ-साथ विश्व में केवल दो ही विजय पांडुरंग मंदिर स्थित है. प्रतिवर्ष आने वाली कार्तिक पूर्णिमा के समय इस मंदिर में भव्य कार्यक्रम के साथ मेले का भी आयोजन किया जाता है।

**श्री अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि महापर्व**

मोहगांव हवेली की पावन भूमि पर चल रहे महा शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आज प्रातः 8:00 बजे से श्री अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का सामूहिक रुद्राभिषेक महाआयोजन रखा गया है इस सामूहिक अभिषेक में सहभागी होने वाले परिजन अपने साथ शिवलिंग अवश्य लेकर आएं चाहे वह शिवलिंग किसी भी धातु, पत्थर अथवा मिट्टी का पार्थिव शिवलिंग हो. शेष पूजन सामग्री की व्यवस्था मंदिर संस्थान द्वारा की गई है. जिन परिजनों को नीचे जमीन पर बैठने में कठिनाई हो उनके लिए संस्थान द्वारा कुर्सी टेबल की भी व्यवस्था की गई है. अतः इच्छुक परिजन जो सामूहिक शिवाभिषेक का सौभाग्य लाभ प्राप्त करना चाहते हैं वे, मंदिर कार्यालय में संपर्क कर पंजीयन करवाएं.



इसी के साथ इस पुण्य पवित्र धर्मनगरी अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मोहगांव नगर में प्राचीन श्री राम मंदिर, मंगला गौरी मंदिर गज पर्वत पर स्थित के साथ-साथ कुल 36 छोटे बड़े मंदिर, दर्शनीय स्थल मौजूद है।



## श्री गोबजी बाबा शिव मंदिर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन




**सौसर.**

बेरडी रोड़ सौसर स्थित श्री गोबजी बाबा शिव मंदिर में क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने विधायक निधि से प्रदत्त 1 लाख 25 हजार रुपए की लागत राशि से निर्माण होने वाले सी.सी.रोड निर्माण कार्य हेतु विधिवत् पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर संजय ठाकरे, प्रशांत महाले, मारोती कारोकार,अमरीश जैसवाल,ज्ञानेश्वर गावंडे,विट्ठल गायकवाड, गणेश चौरे, विलास बुले, दिनेश भलावी, बेनिराम सिरसे,रविंद्र डाढ़े, शेषराव गावंडे, मुकेश जानभोर, केवल प्रजापति,आशीष ठाकुर, राजेंद्र सिरसे, अशोक सिरसे, भजन मंडल की समस्त माताएं-बहनें एवं समस्त भक्तजन उपस्थित रहे।